दैनिक जागरण 12/03/2026

आशीष बने जिम्नास्टिक स्पर्धा के आलराउंड बेस्ट जिम्नास्ट

जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के विजेता जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

अंबाला विज्ञप्ति : इंटर कालेज जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2025–26 अंबाला कैंट के वार हीरोज स्टेडियम में हुई। प्रतियोगिता का आयोजन एसए जैन कालेज अंबाला शहर द्वारा करवाया गया। प्रतियोगिताओं में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (पुरुष और महिला) में गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

रिदमिक जिम्नास्टिक (महिला) में भी कालेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (मेन) में आशीष पुन को आलराउंड बेस्ट जिम्नास्ट घोषित किया गया। आशीष ने रिंग्स और हारिज़ोंटल बार्स पर पहला स्थान, पामेल हार्स और वाल्टिंग टेबल पर दूसरा स्थान तथा पैरेलल बार्स और फ्लोर एक्सरसाइज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। दीपक ने हारिज़ोंटल बार्स पर तीसरा स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (महिला) में अंजलि सैनी ने आलराउंड दूसरा स्थान तथा कृतिका वर्मा ने आलराउंड तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंजलि सैनी ने फ्लोर एक्सरसाइज और बैलेंसिंग बीम में दूसरा स्थान तथा पैरेलल बार्स और वाल्टिंग टेबल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कृतिका वर्मा ने वाल्टिंग टेबल और अन-इवन पैरेलल बार्स में दूसरा स्थान तथा बैलेंसिंग बीम में तीसरा स्थान हासिल किया। कृतिका वर्मा, अंजलि सैनी, सानिया और अंकिता ने रिदमिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी टीम को दूसरा स्थान दिलाया। प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।